पत्र सं0–118849/15–1–1773/ज्योति इंटरनेशनल/सब्सिडी/2025

प्रेषक,

महानिदेशक पर्यटन,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

पर्यटन नीति अनुभाग लखनऊ:: दिनांक:– 21 फरवरी, 2025

विषय:– होटल ज्योति इंटरनेशनल, सोनभद्र को पर्यटन नीति–2022 के अन्तर्गत कैपिटल सब्सिडी प्रदान किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक पर्यटन निदेशालय के कार्यालय आदेश सं0– 2096/15–1–1773/ज्योति इंटरनेशनल/सब्सिडी/2022 दिनांक 11.07.2024(छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से श्री मोहन तिवारी, पार्टनर, होटल ज्योति इंटरनेशनल द्वारा जनपद सोनभद्र में इकाई बजट होटल "होटल ज्योति इंटरनेशनल", बाईपास रोड, राज पैलेस के पास, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ0प्र0–231216 हेतु पर्यटन नीति–2022 के अंतर्गत कैपिटल सब्सिडी प्रदान किये जाने के लिए शासनादेश सं0–215/2023/1508/41–2023–237(सा0)/2022 दिनांक 21.03.2023 द्वारा अनुमोदित संचालन नियमावली के प्रस्तर 11.8 में पर्यटन नीति 2022 के अन्तर्गत सब्सिडी हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण/जाँच किये जाने हेतु आपकी अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था। उपरोक्त समिति में नामित चार्टेड इंजीनियर मेसर्स प्रवीण कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स, गाजियाबाद द्वारा अनेक बार सम्पर्क करने के बाद भी अभी तक अपनी आख्या प्रस्तुत नहीं की गई है।

उपरोक्त संदर्भ में जनपद सोनभद्र में होटल ज्योति इंटरनेशनल हेतु सब्सिडी आवेदन का परीक्षण/जाँच किये जाने हेतु गठित समिति में नामित चार्टेड इंजीनियर मेसर्स प्रवीण कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स, गाजियाबाद के स्थान पर मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स, वैल्यूवर एण्ड टेक्नो इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट प्रा0 लि0, नोएडा को नियुक्त किया जाता है। कृपया उक्त से अवगत होते हुए जनपद सोनभद्र में **श्री मोहन तिवारी, पार्टनर, होटल ज्योति इंटरनेशनल** द्वारा संचालित बजट **होटल ज्योति इंटरनेशनल, सोनभद्र** को पर्यटन नीति–2022 के अंतर्गत कैपिटल सब्सिडी प्रदान किये जाने हेतु अपनी आख्या/संस्तुति तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**चार्टेड इंजीनियर फर्म–मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स, वैल्यूवर एण्ड टेक्नो इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट प्रा0 लि0, नोएडा।**

**सम्पर्क व्यक्ति– सुश्री अभिलाशा।**

**मोबाइल नं0– 9599557339**

भवदीय,

Signed by
Mukesh Kumar Meshram
Date: 21-02-2025 17:16:59

(मुकेश कुमार मेश्राम)
महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0।

पृ0प0सं व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. उप निदेशक पर्यटन, वाराणसी।
2. श्री दिनेश कुमार, उप निदेशक पर्यटन, मुख्यालय।
3. मेसर्स एस0एन0 गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स, 105/230, फूलबाग, हुसैनगंज, लखनऊ–226001।
4. मेसर्स प्रवीण कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स, जी–18, पटेल नगर–3, ग़ाज़ियाबाद–201001।
5. मेसर्स आर0के0 एसोसिएट्स, वैल्यूवर एण्ड टेक्नो इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट प्रा0 लि0, डी–39, द्वितीय तल, सेक्टर–2, नोएडा–201301।
6. श्री मोहन तिवारी, पार्टनर, होटल ज्योति इंटरनेशनल, बाईपास रोड, राज पैलेस के पास, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ0प्र0–231216(मो0–8960148413)।

आज्ञा से,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0।

सेवा में,

निदेशक (प्रशासन)
उ०प्र० पर्यटन निदेशालय
लखनऊ

विषय:— होटल ज्योति इंटरनेशनल, सोनभद्र के अनुदान के सम्बन्ध में —

महोदया,

उक्त होटल की ~~सब्सिडी~~ सब्सिडी हेतु मेरे द्वारा आवेदन किया गया है। उपरोक्त सब्सिडी प्रस्ताव विभाग द्वारा नामित समिति द्वारा आख्या नही दी गई है। विभाग द्वारा नामित इंजीनियर द्वारा अभी तक इकाई का एकबार भी निरीक्षण नही किया गया है।

महोदया से विनम्र अनुरोध है कि प्रार्थी को शीघ्र (मार्च) अनुदान दिलाने की महति कृपा करें।

(हस्ताक्षर)
(राजेन्द्र तिवारी)
पार्टनर
होटल ज्योति इंटरनेशनल
सोनभद्र (उ०प्र०)

दिनांक - 19-2-2024

DD (Policy)

(हस्ताक्षर)

20-02-2025
DT

# पर्यटन निदेशालय, उत्तर प्रदेश

सी–13, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

पत्रांक सं0– 2096/15–1–1773/ज्योति इंटरनेशनल/सब्सिडी/2022 दिनांक 11 जुलाई, 2024

–:कार्यालय आदेश:–

प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने एवं बहुमुखी विकास हेतु उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति–2022 प्रख्यापित की गई है। पर्यटन नीति के अन्तर्गत प्रदेश में चिन्हित पर्यटन स्थलों की 20 कि.मी. की परिधि में पूंजी निवेश करने वाले उद्यमियों को वित्तीय प्रोत्साहन व अनुदान दिए जाने की व्यवस्था की गयी है।

श्री मोहन तिवारी, पार्टनर, होटल ज्योति इंटरनेशनल द्वारा जनपद सोनभद्र में इकाई बजट होटल "होटल ज्योति इंटरनेशनल", बाईपास रोड, राज पैलेस के पास, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ0प्र0–231216 हेतु पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत कैपिटल सब्सिडी प्रदान किये जाने हेतु मांग की गई है। शासनादेश सं0–215/2023/1508/41–2023–237(सा0)/2022 दिनांक 21.03.2023 द्वारा अनुमोदित संचालन नियमावली के प्रस्तर 11.8 में पर्यटन नीति 2022 के अन्तर्गत सब्सिडी हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण/जाँच किये जाने हेतु संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। उक्त क्रम में श्री मोहन तिवारी, पार्टनर, होटल ज्योति इंटरनेशनल द्वारा जनपद सोनभद्र में इकाई बजट होटल "होटल ज्योति इंटरनेशनल", बाईपास रोड, राज पैलेस के पास, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ0प्र0–231216 के सब्सिडी प्रस्ताव के परीक्षण हेतु निम्नवत समिति का गठन किया जाता है:–

1. जिलाधिकारी, सोनभद्र — अध्यक्ष
2. उप निदेशक पर्यटन, वाराणसी — सदस्य
6. मुख्यालय द्वारा नामित विभागीय अधिकारी– श्री दिनेश कुमार, उप निदेशक पर्यटन, मुख्यालय। — सदस्य
3. पर्यटन निदेशालय द्वारा नियुक्त चार्टेड एकाउंटेट– मे0 एस0एन0 गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स, लखनऊ। — सदस्य
4. पर्यटन निदेशालय द्वारा नियुक्त चार्टेड इन्जीनियर/वैलूवर–मेसर्स प्रवीण कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स, गाजियाबाद। — सदस्य

उक्त समिति बजट होटल "होटल ज्योति इंटरनेशनल", बाईपास रोड, राज पैलेस के पास, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ0प्र0–231216 का निरीक्षण एवं प्रस्ताव का परीक्षण कर अपनी संस्तुति अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेगी।

Signed by
Mukesh Kumar Meshram
Date: 10-07-2024 12:34:44
( मुकेश कुमार मेश्राम )
महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0।

पृ0प0सं व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. जिलाधिकारी, सोनभद्र।
2. उप निदेशक पर्यटन, वाराणसी।
3. श्री दिनेश कुमार, उप निदेशक पर्यटन, मुख्यालय।
4. मेसर्स एस0एन0 गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स, 105/230, फूलबाग, हुसैनगंज, लखनऊ–226001।
5. मेसर्स प्रवीण कुमार जैन एण्ड एसोसिएट्स, जी–18, पटेल नगर–3, गाज़ियाबाद–201001।
6. श्री मोहन तिवारी, पार्टनर, होटल ज्योति इंटरनेशनल, बाईपास रोड, राज पैलेस के पास, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, उ0प्र0–231216(मो0–8960148413)।

आज्ञा से,
( मुकेश कुमार मेश्राम )
महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0।